6. नियंत्रित तथा दुर्लभ कच्चे माल का वितरण करना।
7. कच्चे माल तथा पुर्जों के आयात के लिए विदेशी मुद्रा का आवन्टन करना।
8. केन्द्रीय सरकार के माल खरीदने के कार्यक्रम आदि में लघु उद्योगों द्वारा भाग लिए जाने के लिये उनकी सूची तैयार करना।

(ख) चौथी पंजवर्षीय योजना में लघु उद्योगों के विकास तथा औद्योगिक बस्तियों की स्थापना के लिए महाराष्ट्र सरकार ने 507 लाख रुपये की राशि की व्यवस्था की है और यह ठीक से बताना सम्भव नहीं है कि इसमें से कितनी राशि ग्रामीण औद्योगिकरण के लिए इस्तेमाल की जायेगी। इसके अतिरिक्त योजना आयोग ने ग्रामीण औद्योगिक परियोजनाओं के कार्यक्रम के अन्तर्गत 20 करोड़ रुपये की व्यवस्था अलग से कर दी है।

(ग) केन्द्रीय तथा राज्य सरकारों के बीच समन्वय मुख्य रूप से वार्षिक योजना पर चर्चा सम्बन्धी कार्यकारी दल के कार्यक्रमों की समीक्षा के द्वारा किया जाता है। लघु उद्योग विकास आयुक्त कार्यालय के अधिकारी तथा बम्बई स्थित लघु उद्योग सेवा संस्थान द्वारा भी समय-समय पर राज्य उद्योग विभाग विचार विनिमय किया जाता है।

## ट्रैक्टर बनाने वाले कारखाने

3468. **श्री देवराव पाटिल :** क्या औद्योगिक विकास तथा समवाय कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) किन-किन राज्यों ने ट्रैक्टर बनाने के कारखाने स्थापित करने की अनुमति मांगी है ;

(ख) किन किन राज्यों को यह अनुमति दे दी गई है ;

(ग) क्या केन्द्रीय सरकार ने पंजाब में प्रस्तावित ट्रैक्टर-निर्माण कारखाना स्थापित करने की अनुमति नहीं दी है ; और

(घ) यदि हां, तो इसके क्या कारण है ?

**औद्योगिक विकास तथा समवाय कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद):** (क) से (घ). नवम्बर, 1967 में उद्योग (विकास तथा विनियमन) अधिनियम, 1951 के अन्तर्गत 20 अश्व शक्ति के ट्रैक्टरों के 12,000 वार्षिक क्षमता वाले एक कारखाने को लुधियाना में स्थापित करने के लिए एक आवेदन-पत्र पंजाब राज्य औद्योगिक विकास निगम से प्राप्त हुआ था। यह आवेदन-पत्र अभी विचाराधीन है।

किसी भी दूसरी राज्य सरकार ने पिछले कुछ समय में कृषि ट्रैक्टरों के निर्माण के लिए कारखाना लगाने की अनुमति नहीं मांगी है।

## ESTIMATES OF IRON ORE DEPOSITS IN MYSORE

3469. **SHRI VIRENDRA KUMAR SHAH:** Will the Minister of STEEL, MINES AND METALS be pleased to state :

(a) whether it is a fact that the Indian Bureau of Mines have estimated the high grade iron ore in South Mysore at only 12 million tonnes as against the estimate of 216 million tonnes given by the Intermediate Ports Development Committee;

(b) if so, the basis of the Indian Bureau of Mines' estimate;

(c) whether it is also a fact that the Mysore State Government have estimated the deposits of iron ore around 710 million tonnes; and

(d) the reasons for such wide differences in the estimates put forth by these agencies ?

**THE MINISTER OF STEEL, MINES AND METALS (DR. CHANNA REDDY) :** (a) The Indian Bureau of Mines carried out a survey of the iron ore deposits of Chitradurga-Tumkur districts in 1962 and estimated 12·3 million tonnes of iron ore of 65 % iron contents. Subsequently a joint